25

यीशु की प्रार्थना और उसका बड़ा निमन्त्रण

(11:25-30)

उसके सामर्थ के कामों को देखने के बावजूद उसकी शिक्षा को नकारने वाले नगरों पर हाय कहने के बाद यीशु ने आम लोगों के बीच में एक प्रार्थना की और फिर अपना बड़ा निमन्त्रण दिया।

उसके द्वारा पिता की प्रशंसा (11:25-27)

[25]उसी समय यीशु ने कहा, ''हे पिता, स्वर्ग और पृथ्वी के प्रभु, मैं तेरा धन्यवाद करता हूं, कि तूने इन बातों को ज्ञानियों और समझदारों से छिपा रखा, और बालकों पर प्रगट किया है। [26]हां, हे पिता, क्योंकि तुझे यही अच्छा लगा। [27]मेरे पिता ने मुझे सब कुछ सौंपा है, और कोई पुत्र को नहीं जानता, केवल पिता; और कोई पिता को नहीं जानता, केवल पुत्र; और वह जिस पर पुत्र उसे प्रगट करना चाहे।''

आयत 25. उसी समय वाक्यांश इन आयतों को पिछली आयतों के साथ जोड़ता है। यह हो सकता है कि उन सारे आश्चर्यकर्मों के बाद जो उसने किए थे और इन स्थानों में दी गई उसकी शिक्षा के बाद इस इलाके के लिए मसीह का यह अन्तिम निमन्त्रण था।

यीशु की प्रार्थना भीड़ के लोगों को सुनाने के लिए की गई थी (11:25-27)। लूका ने इस प्रार्थना को कुल सत्तर चेलों के संदर्भ में रखा है, जो सीमित आज्ञा अर्थात लिमिटेड कमीशन पर से लौटकर आए थे (लूका 10:17, 21, 22)।

उसने क्या प्रार्थना की थी? पहले तो उसने परमेश्वर को **हे पिता** कहकर उसकी महिमा की। वह परमेश्वर के साथ अपने विलक्षण सम्बन्ध की ओर और अपने ईश्वरीय होने की ओर ध्यान दिला रहा था (देखें यूहन्ना 5:18; 10:30)। फिर, उसने परमेश्वर को *स्वर्ग और पृथ्वी का प्रभु* कहते हुए उसके सर्वशक्तिमान होने पर ज़ोर दिया (देखें प्रेरितों 17:24)। तीसरा, उसने उद्धार के परमेश्वर के उपाय के रूप में बताया न कि मनुष्य की योजनाओं, उद्देश्यों या शक्ति के कारण। **ज्ञानियों और समझदारों** तथा **बालकों** के बीच अन्तर वास्तव में समझ का नहीं, बल्कि व्यवहार का है। यह अपने आप पर भरोसा रखने वालों और परमेश्वर पर भरोसा रखने वालों के बीच का अन्तर है (18:1-4; 21:15, 16; 1 कुरिन्थियों 1:18-31)। ''ज्ञानी और समझदार'' को लगता है कि वे अपने आपको बचा सकते हैं या उन्हें बचाए जाने की कोई आवश्यकता ही नहीं है। ''बालक'' उन्हें कहा गया है, जो आत्मिक रूप में उस पर निर्भर हैं। ये लोग ''मन के दीन'' हैं, जो अपने आपको उसके सामने विनम्र करते हैं (5:3)।

आयत 26. यीशु ने इस संक्षिप्त प्रार्थना को परमेश्वर द्वारा अपनी सच्चाई ''ज्ञानियों'' से छुपाने और ''बालकों'' पर प्रगट करने की उसकी इच्छा को प्रकाशमान करते हुए किया। उसने

कहा, ''**हां, हे पिता क्योंकि तुझे यही अच्छा लगा।**'' वास्तव में, ''परमेश्वर अभिमानियों का विरोध करता है, पर दीनों पर अनुग्रह करता है'' (याकूब 4:6)। उसे घमण्डियों का सामना करने और खेदित लोगों की सहायता करना अच्छा लगता है (यशायाह 57:15)।

अधिकतर यहूदियों ने, विशेषकर यहूदी अगुओं ने, यीशु को ठुकरा दिया था। इस तथ्य को यीशु के विरुद्ध प्रहार के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। यह ठुकराया जाना भी वास्तव में परमेश्वर की योजनाओं और उद्देश्यों का भाग था। जिस कारण यह मसीह अर्थात परमेश्वर के पुत्र के रूप में उसकी पहचान की सच्चाई को किसी भी प्रकार से कम नहीं कर सकता।

आयत 27. भीड़ को अपनी प्रार्थना का अर्थ बताते हुए यीशु ने कहा कि पिता जो कुछ लोगों के सामने लाना चाहता था, वह उसने अपने पुत्र के द्वारा प्रगट करना चुना है। यूहन्ना ने कहा कि सच्चाई यह है कि ''परमेश्वर को किसी ने कभी नहीं देखा, एकलौता पुत्र जो पिता की गोद में है, उसी ने उसे प्रगट किया'' (यूहन्ना 1:18)। यीशु ने स्वयं कहा:

> ... जिस ने मुझे देखा है उस ने पिता को देखा है: ... क्या तू प्रतीति नहीं करता कि मैं पिता में हूं और पिता मुझ में है? ये बातें जो मैं तुम से कहता हूं, अपनी ओर से नहीं कहता, परन्तु पिता मुझ में रहकर अपने काम करता है। मेरी ही प्रतीति करो, कि मैं पिता में हूं; और पिता मुझ में है; नहीं तो कामों ही के कारण मेरी प्रतीति करो (यूहन्ना 14:9-11)।

सब लोगों को उसका निमन्त्रण (11:28-30)

[28]''हे सब परिश्रम करने वालो और बोझ से दबे हुए लोगो, मेरे पास आओ; मैं तुम्हें विश्राम दूंगा। [29]मेरा जुआ अपने ऊपर उठा लो, और मुझ से सीखो; क्योंकि मैं नम्र और मन में दीन हूं; और तुम अपने मन में विश्राम पाओगे। [30]क्योंकि मेरा जुआ सहज और मेरा बोझ हल्का है।''

आयत 28. प्रार्थना और उसकी व्याख्या के बाद प्रभु ने एक निमन्त्रण दिया जो केवल यहां पर मिलता है (11:28-30)। पवित्र शास्त्र में और निमन्त्रण दिए गए हैं पर इन्हीं शब्दों में नहीं जो यीशु ने यहां इस्तेमाल किए हैं। ये निमन्त्रण चाहे अपने आप में सब के लिए हैं, परन्तु मूल संदर्भ में इसका अर्थ सम्भवतया यहूदियों के लिए था, जो मूसा की व्यवस्था के बोझ तले परिश्रम कर रहे थे और मनुष्यों की बनाई अपनी ही बहुत-सी धार्मिक परम्पराओं के नीचे दबे हुए थे।

जब यीशु ने कहा कि ''**मेरे पास आओ,**'' तो वह लोगों को विश्वास और आज्ञापालन में विनम्रतापूर्वक अपने पास लौटने का निमन्त्रण दे रहा था। लोगों को पिता के पास उसी के द्वारा आना आवश्यक है (यूहन्ना 14:6) क्योंकि उद्धार का कोई और मार्ग है ही नहीं (यूहन्ना 6:37, 60-69; प्रेरितों 4:12)।

उसने अपने **सब** सुनने वालों को अपने पास आने का निमन्त्रण दिया। अन्त में ''सारे जगत'' की ''सब जातियों'' को उसका निमन्त्रण है (28:19; मरकुस 16:15), जो इस बात का संकेत है कि उद्धार की पेशकश आने वाले हर समय के लिए सब लोगों के लिए है। यह यहूदियों और अन्यजातियों, नर और नारी, दास और स्वतन्त्र सबको एक ही आधार पर दिया जाता है (रोमियों 1:16; गलातियों 3:26-29)। कोई भी जो परमेश्वर द्वारा बनाए गए ढंग के अनुसार उसके पास

आता है, उससे दूर नहीं जाएगा।

यीशु का निमन्त्रण उन लोगों के लिए था, जो **परिश्रम करने वाले और बोझ से दबे हुए** थे। ऐसे लोग अपने स्वयं के संसाधनों से परमेश्वर को प्रसन्न करने के प्रयास कर करके थक चुके थे। ''परिश्रम करने वाले'' भीतरी थकावट के लिए है, जबकि ''बोझ से दबे'' बाहरी बोझ के अर्थ में है। कुछ लोग धार्मिकता के अपने ही कामों के द्वारा उद्धार पाने के लिए निरर्थक प्रयासों से बुरी तरह दब जाते हैं (देखें तीतुस 3:5)। यीशु ने फरीसियों के लिए कहा, ''वे एक ऐसे भारी बोझ को जिन को उठाना कठिन है, बान्धकर उन्हें मनुष्य के कन्धों पर रखते हैं; परन्तु स्वयं उसे अपनी उंगली से भी सरकाना नहीं चाहते'' (23:4)।

मसीह ने उन्हें जिन्होंने उसके पास आना था कहा, ''**मैं तुम्हें विश्राम दूंगा**।'''विश्राम देने'' (*anapausis*) का अर्थ ''ताज़गी,'' ''नयापन,'' ''जोश'' या कठिन परिश्रम या लम्बे सफर के बाद ''राहत देना'' है। ''विश्राम'' पुराने नियम का एक आम विषय था। इसे नये नियम में भी उस प्रतिज्ञा के रूप में रखा गया है, जो परमेश्वर की सन्तान के लिए इस्तेमाल हुआ है (भजन संहिता 95:7-11; इब्रानियों 4:1-11)।

आयत 29. यीशु ने अपने सुनने वालों से कहा, ''**मेरा जुआ अपने ऊपर ले लो**।'' जुआ जिसका इस्तेमाल पशुओं को इकट्ठे बांधने के लिए किया जाता था, प्राचीन जगत में अधीनता के लिए अलंकार था (व्यवस्थाविवरण 28:48; यिर्मयाह 27:1-11; विलापगीत 1:14)। पौलुस ने व्यवस्था को ''जुआ'' कहा (गलातियों 5:1) और पतरस ने इसे ऐसा जुआ कहा, ''जिसे न हमारे बाप-दादे उठा सके थे और न हम उठा सकते'' हैं (प्रेरितों 15:10)।[1]

फिर यीशु ने कहा, ''**मुझ से सीखो**।'' अनुवादित शब्द ''सीखो'' के लिए यूनानी क्रिया (*manthanō*) अनुवाद हुए संज्ञा शब्द ''चेला'' (*mathētēs*) से बहुत मिलता-जुलता है। मसीह के चेले सीखने वाले लोग हैं यानी उन्हें उससे सीखना आवश्यक है (देखें 28:19)।

फिर यीशु ने यह कहते हुए कि ''**क्योंकि मैं नम्र और मन में दीन हूं**'' अपने स्वभाव का वर्णन किया। यीशु का ''नम्र'' और ''दीन'' स्वभाव उन घमण्डी और अकड़ू फरीसियों के विपरीत था जिनका सामना यीशु ने किया। यशायाह में दुखी दास (देखें यशायाह 42:2-4; 53) की पुकारें यीशु की बात में सुनी जा सकती हैं, पवित्र शास्त्र को पूरा करने के उसके दावे का समर्थन करता है।[2]

''नम्र'' (*praus*) शब्द का अनुवाद ''विनम्र'' (KJV) हो सकता है। सप्तति अनुवाद में इस शब्द का इस्तेमाल मूसा के परमेश्वर का सेवक होने के वर्णन के लिए किया गया है (गिनती 12:3)। यह मत्ती के जकर्याह 9:9 के उद्धरण में भी मिलता है जिसे उसने मसीह के यरूशलेम में विजय प्रवेश के वर्णन के लिए इस्तेमाल किया: ''देख, तेरा राजा तेरे पास आता है; वह नम्र है और गधे पर बैठा है; वरन लादू के बच्चे पर'' (21:5)। पौलुस ने ''मसीह की नम्रता, और कोमलता'' के बारे में लिखा (2 कुरिन्थियों 10:1)। पहाड़ी उपदेश में यीशु ने उन लोगों के लिए आशीष बताई, जिनमें यह गुण पाया जाता है (5:5 पर टिप्पणियां देखें)।

अपनी पिछली बातों के साथ मेल खाते हुए, मसीह ने प्रतिज्ञा की कि ''तुम अपने मन में विश्राम पाओगे।'' पुराने नियम में यहोवा ने अपने लोगों को ''प्राचीन काल के मार्ग'' में लौटने का निमन्त्रण यही प्रतिज्ञा देकर किया था (यिर्मयाह 6:16)। भाषा सम्भवतया उसी वचन से

ली गई है।

आयत 30. यीशु ने अपना निमन्त्रण, ''**क्योंकि मेरा जुआ सहज और मेरा बोझ हलका है**'' कहकर पूरा किया। ''सहज'' के लिए यूनानी शब्द (*chrēstos*) का अनुवाद ''उपयुक्त,'' ''सुखद'' या ''दयालु'' हो सकता है। विचार यह है कि यह ''बहुत सही'' है। जिस जुए में जानवर फिट न आ पाए उससे बड़ी खीझ व चिड़ होने लगती है। यीशु का जुआ हर व्यक्ति पर सुरक्षित और सही ढंग से लग सकता है।

रब्बियों की बोझ से भरी परम्पराओं के विपरीत यीशु के नियम सरल और मानने आसान थे (1 यूहन्ना 5:3)। उसने उन कठिन परम्पराओं को जो पवित्र शास्त्र के आसपास बन गई थीं एक ओर करते हुए अपने चेलों को व्यवस्था के सार की ओर और उन उद्देश्यों की ओर मोड़ दिया जो इसने अपने लोगों के साथ परमेश्वर की वाचा के पैमाने लेकर की थी। यीशु अपने सुनने वालों को अपनी आशीष स्वीकार करने की पेशकश दे रहा था।

❖❖❖❖❖ **सबक** ❖❖❖❖❖

निमन्त्रण (11:28-30)

हमें आने का निमन्त्रण कौन दे रहा है और वह हमें कहां प्रवेश करने का निमन्त्रण दे रहा है? यीशु हमें अपने साथ निकट, व्यक्तिगत सम्बन्ध में प्रवेश करने का निमन्त्रण दे रहा है। वह कहता है, ''मेरे पास आओ।'' यह निमन्त्रण चाहे बहुत ही व्यक्तिगत है पर वह कहता है ''सब'' लोग आ सकते हैं। वह थके हुओं और काम में लगे अर्थात व्यस्त लोग, उन्हें बुलाता है। वह बोझ से दबे हुए लोगों को, जिनके लिए जीवन बोझ बन गया है, बुलाता है। शायद किसी को अब अपने काम से सन्तुष्टि नहीं मिलती है। किसी का विवाह अपना उद्देश्य पूरा नहीं कर रहा है। किसी बुज़ुर्ग का स्वास्थ्य गिर रहा हो सकता है या किसी युवती ने अपने मूल्यों के साथ समझौता कर लिया हो सकता है। यीशु का निमन्त्रण सब के लिए है, जो दबे हुए, कुचले हुए और बोझ के तले दबे हैं। वह हमें विश्राम पाने का निमन्त्रण देता है। यह विश्राम केवल शारीरिक ताज़गी नहीं बल्कि उन आत्मिक बोझों से छुटकारा है जो हम सहते हैं। जो बोझ वह हमारे ऊपर रखता है वह उसके कारण जो वह है ''सहज'' है। वह ''नम्र और मन में दीन'' है।

वह बोझ जिन्हें हम उठाते हैं (11:28-30)

जीवन के सफ़र में चलते हुए हम अपने साथ कई प्रकार के बोझ ले जाते हैं, जैसे वर्तमान की चिन्ताएं और भविष्य की परेशानियां। हमारे जीवन तनावपूर्ण हो सकते हैं। परमेश्वर ने हमें अपने बोझों को हलका करने के लिए दो ढंग बताए हैं। पहला, हम उन्हें उसे दे सकते हैं (1 पतरस 5:7; देखें भजन संहिता 55:22)। दूसरा, हम एक दिन में उठा सकने वाले बोझ से अधिक बोझ उठाने पर ध्यान न लगाने का सचेत प्रयास नहीं करेंगे (मत्ती 6:34)।

टिप्पणियां

[1]देखें प्रवक्ताग्रंथ 51:26; मिशनाह *अबोथ* 3.5; *बेराक्रोथ* 2.2. [2]देखें डोनल्ड ए. हैग्नर, *मैथ्यू 1–13,* वर्ड बिब्लिकल कमैंट्री, अंक 33ए (डलास: वर्ड बुक्स, 1993), 324.